बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल दरभंगा–02 अंतर्गत **MMGSY(Gen)** योजनान्तर्गत **"PWD Central Bank to Muslim Tola Rajaura"** पथ निर्माण कार्य (एकरारनामा संख्या–18/SBD/2016-17) संवेदक **जय माँ भवानी कन्स0 प्रा0 लि0(निबंधन संख्या–1190370, PAN-AAACJ9800G) ग्राम–देवधा, पो0–महानन्दपुर, थाना–दीपनगर, जिला–नालंदा, पिन–803101** को आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 09.07.2016 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 08.07.2017 है।

उक्त पथ का निर्माण कार्य 06.07.2019 को पूर्ण करने के उपरांत संवेदक द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य नहीं किये जाने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल दरभंगा–02 द्वारा सकारण आदेश ज्ञापांक 1082 दिनांक 14.06.2024 द्वारा एकरारनामा संख्या–18/SBD/2016-17 को विखंडित करते हुए मुख्य अभियंता–06(दरभंगा) का पत्रांक 764 अनु0 दिनांक 13.08.2024 द्वारा विहित प्रपत्र में संवेदक **जय माँ भवानी कन्स0 प्रा0 लि0** को काली सूची में सम्मिलित किए जाने हेतु अनुशंसा की गयी।

क्षेत्रीय अभियंताओं से प्राप्त अनुशंसा एवं जांच पत्र के आलोक में विभागीय पत्रांक 2974 दिनांक 06.09.2024 द्वारा संवेदक से किये गये कारण पृच्छा के आलोक में संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण दिनांक 24.10.2024 में उल्लेख किया गया कि उनके द्वारा संदर्भित पथ में अनुरक्षण कार्य किया जा रहा है, परंतु उक्त कार्य के विरूद्ध उन्हें भुगतान नहीं किया गया है।

संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल दरभंगा–02 का पत्रांक 1023 अनु0 दिनांक 26.05.2025 के माध्यम से प्राप्त मंतव्य में उल्लेखित है कि **"संवेदक द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य के संबंध में आजतक कोई सूचना लिखित/मौखिक रूप से नहीं दी गई है और न हीं संवेदक द्वारा कराये गये अनुरक्षण कार्य से संबंधित विपत्र इस कार्यालय को प्राप्त है। उक्त योजना की मापी पुस्त में भी पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य की मापी अंकित नहीं है।"**

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों से स्पष्ट है कि संवेदक द्वारा प्रश्नगत पथ में अनुरक्षण कार्य नहीं किया गया है।

वर्णित परिप्रेक्ष्य में संवेदक **जय माँ भवानी कन्स0 प्रा0 लि0(निबंधन संख्या–1190370, PAN-AAACJ9800G) ग्राम–देवधा, पो0–महानन्दपुर, थाना–दीपनगर, जिला–नालंदा, पिन–803101** को कार्य प्रमंडल दरभंगा–02 अंतर्गत **MMGSY(Gen)** योजनान्तर्गत **"PWD Central Bank to Muslim Tola Rajaura"** पथ में पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य नहीं किये जाने के कारण बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के नियम 11(क)(vi) में विहित प्रावधान के आलोक में 04(चार) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

(निर्मल कुमार)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक:– 14/अ0प्र0–14–58/2025 7155 /पटना, दिनांक:– 2-7-25

प्रतिलिपि:–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग,/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/योजना एवं विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

78

ज्ञापांकः– 14/अ0प्र0–14–58/2025 7155 /पटना, दिनांकः– 2-7-25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14/अ0प्र0–14–58/2025 7155 /पटना, दिनांकः– 2-7-25

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

निबंधित/ईमेल

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–58/2025 7155 /पटना, दिनांकः–2-7-25

प्रतिलिपिः– संवेदक **जय माँ भवानी कन्स0 प्रा0 लि0 (निबंधन संख्या–1190370) ग्राम–देवघा, पो0–महानन्दपुर, थाना–दीपनगर, जिला–नालंदा, पिन–803101** को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख